आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :290 पृष्ठ -4 दिनांक 18 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार

# दीपावली पर योगी सरकार का तोहफा, उज्जवला लाभार्थियों को मिलेगा फ्री एलपीजी सिलेंडर

उत्तर प्रदेश वासियों को योगी सरकार दीपावली पर तोहफा देगी. इसके तहत प्रदेश सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी दीपावली पर फ्री लपीजी सिलेंडर देने का आदेश जारी किया है. योगी सरकार के इस कदम से प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस आदेश के बाद दीपावली से पहले ही फ्री एलपीजी सिलेंडर का उत्तर प्रदेश में वितरण शुरू कर दिया गया है. पिछले साल की बात करें तो इस मौके पर करीब 1.85 करोड़ परिवारों को इस योजना का लाभ मिला था, पिछले साल के मुकाबले इस साल लाभार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत उत्तर प्रदेश में साल में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर फ्री एलपीजी सिलेंडर का



वितरण किया जाता है. यही वजह है कि दीपावली से पहले फ्री एलपीजी सिलेंडर वितरित करने का आदेश योगी सरकार के जरिये जारी किया गया है. 1890 करोड़ खर्च करेगी सरकार इससे दीपावली और होली जैसे त्योहार पर समाज के गरीब तबके को राहत मिलती है. पिछले साल जहां 1.85 करोड़ परिवारों को इसका सीधा लाभ मिला था, दूसरी तरफ इस साल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ हो गई है. इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार 1 हजार 890 करोड़ रुपये खर्च कर रही है. बता दें, उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार देती है. इस योजना के तहत बाकी छूट राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है. योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थियों को 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर रिफिल करके दिया जा रहा है. नवंबर 2023 से शुरू हुई थी ये योजना. इससे पहले योगी सरकार ने होली के मौके पर भी उज. जवला योजना के लाभार्थियों को फ्री सिलेंडर दिया था. इसके तहत उत्तर



प्रदेश सरकार की तरफ से 1.75 करोड़ लाभार्थियों को इसका लाभ दिया गया था. योगी सरकार ने दीवाली और होली पर फ्री गैस सिलेंडर देने की योजना शुरूआत पिछले साल 10 नवंबर 2023 से किया था, इसके तहत सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में ट्रांसफर की व्यवस्था की गई है.

## कांग्रेस सांसद का दावा- खत्म हो जाएगा संविधान, कुछ साल में भारत में होगी रूस-चीन जैसी सरकार





उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में संविधान बचाओ सम्मेलन में बोलते हुए कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि आज ये जरूरत महसूस हो रही है कि संविधान का बचना आपके और हमारे लिए बहुत जरूरी है वर्ना अगले 20 साल में संविधान खत्म हो जायेगा और इस देश में रूस और चीन जैसी तानाशाही सरकार बन जाएगी.कांग्रेस सांसद ने कहा कि अभी ये हम पर हमला कर रहे हैं कल आप पर करेंगे और बचेगा कोई नहीं. उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी कि तारीफ करते हुए कहा कि राहुल गांधी सड़क से लेकर संसद तक संविधान की रक्षा के लिए लोगों को जोड़ने और एकजुट करने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने हम लोगों को अधिकार दिया है कि हम इस देश के अंदर किस तरीके से आजादी की सांस लेकर अपने धर्म का पालन करते हुए रहें.20 साल के अंदर लोकतंत्र खत्म हो जाएगा– कांग्रेस सांसद इमरान मसूदक. ांग्रेस सांसद ने कहा कि अपने देश के प्रति आजादी के साथ पूरा करने का काम करें. उन्होंने कहा कि अगर आज नहीं समझोगे तो हम अपनी आने वाली नस्लों को गुलाम बनाने की तरफ लेकर जा रहे हो, अगर आज नहीं समझोगे तो आज से 20 साल के अंदर यह लोकतंत्र खत्म हो जाएगा. उन्होंने चीन और रूस का हवाला देते हुए कहा कि ये लोग देश में लोकशाही के रूप में तानाशाही के रूप में शासन करेंगे. वक्फ को खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं– कांग्रेस सां. सदउन्होंने कहा कि जिस तरह वहां के लोग अपनी आवाज नहीं उठा पाते इसी तरह आप लोग भी अपनी आवाज नहीं उठा पाओगे. उन्होंने कहा कि इन लोगों का सबसे पहले शिकार हम हैं, यह लोग हमारे ऊपर हमला कर रहे हैं और वक्फ को खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं. ये लोग वक्फ कानून लाकर हमारी मस्जिद और जायदाद को खत्म करना चाहते हैं. आप लोग आज भी बटने की बातें करते हो, बचेगा कोई नहीं अगर यह संविधान बचेगा तो हम बचेंगे वरना कोई नहीं बचेगा.इसके साथ ही कांग्रेस सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि बटोगे तो कटोगे, आपको यह बात क्यों समझ नहीं आ रही कि मुख्यमंत्री क्या बोल रहे हैं. कहां लेकर जा रहे हैं उन्होंने कहा कि यह देश मो. हब्बत से चलेगा नफरत से नहीं चलेगा. देश नफरत से नहीं चल सकता– कांग्रेस सांसदवहीं उन्होंने यति नरसिंहानंद सरस्वती के बारे में कहा कि डासना के अंदर एक मानसिक हिंसक व्यक्ति हमारे इस्लाम के संस्थापक हजरत मोहम्मद साहब के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी कर देता है. कभी बहराइच में दंगा फैलाया जाता है, यह दंगे करने की साजिश ये है कि नफरतों के नाम पर देश में सत्ता हासिल किया जाए, कोई भी देश नफरत से नहीं चल सकता. उन्होंने यूपी विधान सभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की और बीजेपी पर निशाना साधा.

### बहराइच में सख्त निगरानी, आसमान में ड्रोन और हेलिकॉप्टर तैनात, जमीन पर PAC मुस्तैद

बहराइच में जुमें की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है. ड्रोन कैमरे से चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है. बड़ी संख्या में पुलिस बल लगाया गया है. खुद जिला अधिकारी मोनिका रानी और एसपी वृंदा शुक्ला उतरीं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा सड़क पर ले रही हैं. जुमे की नमाज को लेकर जमीन के साथ आसमान से की जा रही घटना स्थल की निगरानी हो रही है. बहराइच के महारजगंज में मस्जिद के ऊपर हेलीकॉप्टर उड़ता दिखा. जमीन पर पीएसी के जवान निगरानी कर रहे हैं. आसमान में हेलिकॉप्टर से नजर रखी जा रही है. हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में जगह जगह भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है.

जुमे की नमाज के बीच सड़क पर डीएम और एसपीबहराइच में जुमें की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट. ड्रोन कैमरे से रखी जा रही है नजर चप्पे चप्पे पर बड़ी संख्या में लगाया गया पुलिस बल. खुद जिला अधिकारी मोनिका रानी और एसपी वृंदा शुक्ला उतरी सड़क पर ले रही है सुरक्षा व्यवस्था का जायजा.14 दिन की रिमांड बहराइच पुलिस मुठभेड़ में घायल सरफराज और तालिब को न्यायालय में किया पेश गया. मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा चौधरी ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा. आरोपियों से डेढ़ घण्टे की पूछताछ के बाद मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया

जिला जज पूनम पाठक के आवास पर पेशी चल रहीबहराइच में नामजद 5 आरोपी अपर जिला जज के आवास पर पेशी चल रही है. अपर जिला जज पूनम पाठक के आवास पर पेशी चल रही है. अपर जिला जज 5 आरोपियो पर निर्णय लेंगी. भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपियो की पेशी हुई है.जिला न्यायाधीश पूनम पाठक के आवास पर लाए गए आरोपीसुरक्षा कारणों से 5 गिरफ्तार आरोपियों को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पूनम पाठक के आवास पर लाया गया।

### नोएडा के स्कूल में मासूम छात्रा से रेप, पुलिस ने महिला क्लास टीचर समेत दो आरोपी किए गिरफ्तार



नोएडा के सेक्टर 27 स्थित एक नामी स्कूल के जूनियर विंग में पढ़ने वाली साढ़े तीन साल की छात्रा के साथ डिजिटल रेप का मामला सामने आया है. इस मामले में सेक्टर–20 थाना पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपियों में से एक बच्ची की क्लास टीचर और दूसरी सिक्योरिटी सुपरवाइजर है. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों ने घटना को छिपाने की कोशिश की थी.पुलिस ने बताया कि बच्ची सेक्टर–27 स्थित एक निजी स्कूल के जूनियर विंग में पढ़ती है. 10 दिन पहले बच्ची अचानक गुमसुम रहने लगी. स्कूल भी नहीं जा पा रही थी. जिसके बाद माता–पिता बेटी को डॉक्टर के पास ले गए. डॉक्टर ने बताया कि उनकी बेटी के निजी अंगों के साथ किसी ने छेड़छाड़ की है.तब परिजन ने प्यार से बच्ची से घटना के बारे में पूछा तो बच्ची ने बताया कि स्कूल में जो भैया प्लेट देते हैं, उन्होंने दो दिन पहले कुछ चुभाया है. तभी से दर्द हो रहा है. बच्ची के मुताबिक किसी को बताने पर उन्होंने मारने की धमकी भी दी थी. स्कूल परिसर में मासूम के साथ यह शर्मनाक हरकत 9 अक्टूबर को हुई, परिजन ने 10 अक्टूबर को इसकी शिकायत सेक्टर–20 थाने में दर्ज कराई. पुलिस ने इसी दिन आरोपी कर्मचारी निठारी निवासी नित्यानंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. बच्ची के पिता ने स्कूल प्रबंधन पर घटना को छिपाने और शिकायत करने पर बच्ची को डराने के आरोप लगाए थे. नोएडा पुलिस मीडिया सेल ने बताया कि विवेचना के दौरान पता चला कि स्कूल के कार्यालय प्रशासकध्सुरक्षा पर्यवेक्षक दयामय महतो तथा पीड़िता की क्लास टीचर मधु मेनघानी ने घटना को छिपाने की को. शिश की थी. जांच के दौरान इस बारे में सबूत मिलने पर दोनों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### काशी क्षेत्र में जारी है बीजेपी का सदस्यता अभियान, 16 जिलों से बनाए 28 लाख नए सदस्य

भारतीय जनता पार्टी के जरिये सितंबर माह में नए सिरे से सदस्यता अभियान शुरू किया गया था. पार्टी पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक ला. `गों को बीजेपी से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है. फिलहाल अभी भी काशी क्षेत्र में सामान्य सदस्यता अभियान के साथ–साथ सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम जारी है.बीजेपी पदाधिकारियों के जरिये निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं. काशी क्षेत्र के 16 जनपदों से अब तक ऑनलाइन माध्यम से 28 लाख से अधिक सदस्य भारतीय जनता पार्टी से जुड़ चुके हैं. काशी क्षेत्र के 71 विधानसभा और 14 लोकसभा में सदस्यता अभियान अभी जारी है.15 अक्टूबर थी लास्ट डेटपार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के जरिये नए सिरे से सदस्यता अभियान शुरू किया गया था. सितंबर माह में शुरू हुआ सदस्यता अभियान अलग–अलग चरण में चलाए गए. बीजेपी के जनप्रति. निधियों और पदाधिकारियों को 15 अक. टूबर तक लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए गए थे.प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभी भी काशी क्षेत्र में सामान्य और सक्रिय सदस्यता अभियान जारी है. जिसमें शेष बचे हुए लक्ष्य को पूरा करने में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे हैं. काशी में बने 28 लाख सदस्य वर्तमान समय तक काशी क्षेत्र के 16 जनपद में 28 लाख से अधिक लोगों को ऑनलाइन माध्यम से बीजेपी का सदस्य बनाया गया है. सबसे अधिक काशी क्षेत्र के प्रतापगढ़ में लोग बीजेपी से जुड़े हैं. सदस्यता अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने में यमुना पार (प्रयागराज ) पीछे रहा है.ऑफलाइन, ऑनलाइन चलाया जा रहा अभियानस. ांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी के जरिये निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड का सहारा लिया गया. काशी क्षेत्र में फिलहाल ऑनलाइन मोड में 28 लाख से अधिक लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने हैं. भारतीय जनता पार्टी के जरिये फिलहाल ऑफलाइन जुड़ने वाले सदस्यों का आंकड़ा नहीं जारी किया गया है. पदाधिकारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने के लक्ष्य को आने वाले समय में पूरा कर लिया जाएगा.

### कभी नाकामी, तो कभी राज छिपाने के लिए हुआ एनकाउंटर? योगी सरकार में चर्चित मुठभेड़



योगी आदित्यनाथ की सरकार में उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर एक बड़ा मुद्दा रहा है. प्रदेश में कई बड़े एनकाउंटर हुए हैं, जो उत्तर प्रदेश पुलिस की गुंडा और माफियाके खिलाफ कार्रवाई के नाम पर किए गए.उत्तर प्रदेश के बहराइच में 13 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और फायरिंग में 22 साल के रामगोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी.

# सपने में आए थे श्रीकृष्ण, लिथुआनिया के हेनरीक्स ईसाई से बने हिन्दू, बताई हैरान करने वाली कहानी

## एक्सीडेंट में घायल होने के दौरान जब उनकी आंखें बंद हुई तो उनके सपने में साक्षात भगवान श्रीकृष्ण ने दर्शन दिए

हेनरीक्स ने बताया एक बार वो सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे. एक्सीडेंट में घायल होने के दौरान जब उनकी आंखें बंद हुई तो उनके सपने में साक्षात भगवान श्रीकृष्ण ने दर्शन दिए थे.विश्व की सबसे प्राचीन नगरी काशी में लोग धार्मिक यात्रा के साथ–साथ विभिन्न धर्म में अपनी आस्था को जीवंत देखते हुए भी पहुंचने की इच्छा जताते हैं. इसी क्रम में काशी स्थित एक मठ में लिथुआनिया के रहने वाले हेनरीक्स ने ईसाई धर्म छोड़कर सनातन धर्म को अपना लिया. हेनरीक्स ने काशी के ब्रह्म निवास स्थित मठ में हिन्दू धर्म अपनाया. उन्होंने अपने धर्म परिवर्तन की जो वजह बताई है उसे सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे. हेनरीक्स ने बताया एक बार वो सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे. एक्सीडेंट में घायल होने के दौरान जब उनकी आंखें बंद हुई तो उनके सपने में साक्षात भगवान श्रीकृष्ण ने दर्शन दिए थे. भगवान उनके सपने में आए और तभी से उनके अंदर सनातन धर्म से जुड़ने की इच्छा हुई. जिसके बाद वो सनातन धर्म को अपनाने के लिए भारत आए. अखिल भारतीय संत समिति, विश्व हिंदू परिषद, काशी विद्वत परिषद और अन्य विद्वानों की मौजूदगी में विधि विधान से उन्होंने सनातन धर्म को स्वीकार किया.ईसाई धर्म छोड़कर अपना सनातन काशी के ब्रह्म निवास स्थित मठ में लिथुआनिया के रहने वाले हेनरीक्स ने ईसाई धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया. इस दौरान उन्होंने मठ में विधि विधान से सनातन धर्म के नियमों का पालन करते हुए धर्म को स्वीकार किया. हेनरीक्स के अनुसार वह सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे, इन विपरीत परिस्थिति में भगवान श्री कृष्ण उनके सपने में आए. इसके बाद वह श्रीमद् भागवत गीता पढ़ने लगे. इसके बाद उन्होंने सनातन धर्म से जुड़ने की इच्छा जताई. सनातन धर्म स्व. ीकारने के बाद हेनरीक्स का नाम केशव रखा गया और उनका गोत्र कश्यप बताया जा रहा है.



## खैर विधानसभा उपचुनाव आज से कड़ी सुरक्षा के बीच . नामांकन, 23 नवंबर को वोटिंग, मंडी परिसर अधिग्रहीत

नामांकन की प्रक्रिया 18 अक्तूबर से 25 अक्तूबर तक चलेगी। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच व 30 अक्तूबर तक नाम वापसी हो सकेगी। 23 नवंबर को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम आएगा। हालांकि, अभी तक भाजपा, कांग्रेस, बसपा, सपा समेत किसी भी प्रमुख पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित) सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए 18 अक्तूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच तहसील खैर में उपजिलाधिकारी न्यायालय में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक नामांकन हो सकेंगे। नामांकन कक्ष तक बैरिकेडिंग कर दी गई है।सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया 18 अक्तूबर से 25 अक्तूबर तक चलेगी। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच व 30 अक्तूबर तक नाम वापसी हो सकेगी। 23 नवंबर को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम आएगा। हालांकि, अभी तक भाजपा, कांग्रेस, बसपा, सपा समेत किसी भी प्रमुख पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।खैर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहे अनूप प्रधान के हाथरस सांसद निर्वाचित होने के बाद से यह सीट खाली थी। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस–प्रशासन की टीमें सरकारी भवनों पर लगाई गई प्रचार सामग्री, हॉर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाने में जुट गई हैं।निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक खैर मंडी परिसर अधिग्रहीतखैर विधानसभा उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी, वापसी, मतगणना का कार्य कृषि उत्पादन मंडी समिति खैर में संपादित होगा। इसके लिए मंडी स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार पूर्ण कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. ने मंडी के संपूर्ण स्थल व परिसर को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक के लिए अधिग्रहीत कर लिया है।

## त्यौहारी सीजन में दिल्ली की चांदनी चौक मार्केट में भारी–भीड़, सुरक्षा को लेकर खड़े हुए सवाल

त्यौहार और शादी के सीजन को देखते दिल्ली के बाजारों में भारी–भीड़ देखने को मिल रही है. बात करें चांदनी चौक की तो यहां लोग सुरक्षा को ताक पर रखकर शापिंग में मगन दिखाई दे रहे हैं. यहां भीड़ को देखकर ऐसा लगता है कि मानों सामान फ्री में मिल रहा हो. चांदनी चौक इलाके में होलसेल के दाम में सामान मिलता है. जो मार्केट प्राइस से तकरीबन 40: कम दाम होता है. यहीं वजह है कि त्यौहारों पर इस मार्केट में लोगों का आना–जाना बढ़ जाता है.वहीं दूसरी जल्द ही शादियों का सीजन भी शुरू हो रहा है. शादी के हर जरूरी सामान के लिए चांदनी चौक मार्केट खूब पंसद की जाती है. रात आठ बजे तक भी इस मार्केट में जनसैलाब का नजारा दिखाई देता है. कोई नोएडा तो कोई दिल्ली के अलग–अलग कोनों से यहां शॉपिंग करने के लिए आता है. ऐसे में पुलिस प्रशासन की सख्ती चांदनी चौक की बाहरी सड़कों पर तो दिखाई दी, लेकिन जहां चांदनी चौक की गलियों में पांव रखने भर की जगह नहीं है वहां पुलिस कोई सुरक्षा इंतजाम नजर नहीं आया. ऐसे में कोई अनहोनी होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है.विदेशी परिवार भी पहुंचा शॉपिंग करनेसाउथ अमेरिका से आया एक परिवार भी चांदनी चौक में शॉपिंग करता नजर आया. इस दौरान एबीपी न्यूज ने इस परिवार के सदस्यों के बातचीत की. एली नाम की महिला ने कहा कि वो अपने 19 साल के बेटे और पति के साथ भारत घूमने आई है. ये परिवार खासतौर पर दिवाली का त्यौहार देखने के लिए दिल्ली आया है. महिला के बेटे एंटोनियो ने कहा कि उसने एक खूबसूरत लाइट सिर्फ 150 रुपए की ली है जो 2 डॉलर से भी सस्ती है और कभी ऐसी कोई चीज उन्होंने अमेरिका में नहीं देखी साज–. सजावट का सामान देखकर विदेशी परिवार खुश नजर आया, लेकिन भीड़ के कारण उसे परेशानी भी झेलनी पड़ी.'भीड़ में चोरी का भी खतरा'चांदनी चौक इलाके की एक दुकान में काम करने वाली श्रेया बताती हैं कि इस भीड़ में उन्हें हर रोज आना जाना पड़ता है लेकिन इसका कोई उपाय नहीं है. कुछ शरारती तत्व भी भीड़ में होते हैं जिनके कारण परेशानी होती है, कुछ दिन पहले ही भीड़ में से किसी ने मेरा मंगलसूत्र खींच लिया था, तब से मैं सोने की चूड़ियां, कुंडल और चेन सब घर पर ही उतार कर आती हूं. 'सुरक्षा को लेकर होती है चिंता'गुड़गांव और फरीदाबाद से आए दो परिवारों ने बताया कि मेट्रो से करीब डेढ़ घंटे का सफर करने के बाद वे चांदनी चौक मार्केट पहुंचे. दिवाली के समय नई लाइट्स, पटाखे मार्केट में मिल रहे हैं इसलिए हर साल शॉपिंग करने आते हैं. परिवार की सदस्य आरती ने कहा कि सुरक्षा को लेकर चिंता तो है लेकिन क्या कर सकते हैं, यही सामान घर के साथ वाली दुकान से लेंगे तो सिर्फ एक ही आइटम ले पाएंगे. यहां आए हैं तो सबके लिए कुछ ना कुछ ले लेते हैं,इसलिए मजबूरी में आना पड़ता है.

## यूपी में अपराधियों की कमर तोड़ रही योगी सरकार, अबतक 80 हजार से अधिक बदमाशों को मिली सजा

योगी सरकार उत्तर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों की कमर तोड़ रही है. यूपी पुलिस जहां एक तरफ सीधा मुकाबला करते हुए अबतक 210 बदमाशों को ढेर कर चुकी है, वहीं एक बहुत बड़ी संख्या ऐसे अपराधियों की भी है, जिन्हें न्यायालय में पुलिस की प्रभावी पैरवी से बेदम कर दिया गया है. यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय इसमें अहम रोल अदा कर रहा है.पिछली सरकारों में जहां अभियोजन निदेशालय हाशिये पर रहता था, वहीं योगी सरकार ने इसे खास तरजीह दी है. इसी का नतीजा है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन निदेशालय की प्रभावी पैरवी से पिछले साढ़े सात वर्षों में 80 हजार से अधिक अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा मिल चुकी है.एक्ट समेत अन्य अपराध के मामलों में अगस्त–24 तक 28700 अपराधियों को सजा दिलायी जा चुकी है. दुर्दांत टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को मिली सजा

पछले साढ़े सात साल में 80 अपराधियों को मिली सजा अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले साढ़े सात साल में 81196 से अधिक अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये सजा दिलाई गई है. इनमें 29196 अपराधियों में से 54 को मृत्युदंड 3125 अपराधियों को आजीवन कारावास, 9076 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 16941 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलाई गई है. इसके अलावा पिछले 16 माह में ऑपरेशन कन्. वेशन के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग की ओर से अब तक 52000 से अधिक अपराधियों को सजा दिलाई जा चुकी है.महिला संबंधी अपराधों में क्रमशरू महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध, पॉक्सो इनमें केवल महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध समेत अन्य अपराध में 16565 अपराधियों को सजा दिलाई गई है. इन मामलों में 9 अपराधियों को मृत्युदंड, 1720 को आ. जीवन कारावास, 4443 को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 10393 को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलाई गई है.एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत अगस्त–24 तक 12135 अपराधियों को गुनाहों की सजा दिलाई गई है. इनमें 44 अपराधियों को मृत्युदंड, 1354 अपराधियों को आजीवन कारावास, 4599 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 6138 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है. इसी तरह अगस्त–24 तक प्रदेश के दुर्दांत और टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है. इनमें एक अपराधी को मृत्युदंड, 51 अपराधियों को आजीवन कारावास, 34 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 410 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है. वहीं प्रदेश के 69 चिह्नित माफिया अपराधियों एवं उनके गिरोह के खिलाफ 25 मार्च 2022 से 31 अगस्त–24 तक कुल 42 मामलों में 29 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है. इनमें एक मामले में मृत्युदंड, 5 मामलों में आजीवन कारावास, 7 मामलों में 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 29 मामलों में 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी है.

## सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों को मिली बड़ी सफलता, 15 घंटे बाद कटी उंगली का किया रिप्लांटेशन

अगर आप भी वाशिंग का इस्तेमाल कपड़ों को साफ करने के लिए करते हैं, तो आपको यह काम संभलकर करने की जरूरत है. ऐसा इसलिए कि शाहदरा जिले के सोनिया विहार में वाशिंग मशीन का इस्तेमाल करते वक्त एक महिला की तर्जनी उंगली (थ्वतमपिदहमत) फंस गई. इस घटना में उंगली करीब–करीब दो टुकड़ों में बंट गया. हालांकि, काफी मशक्कत के बाद सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने उंगली को जोड़ने में सफलता मिल गई. इतना ही नहीं, महिला की उंगली में फिर से रक्त का संचार भी बहाल हो गया है. फिर से जोड़ना होता है मुश्किल


वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. शलभ कुमार ने बताया कि यह रक्त वाहिकाएं बहुत पतली होती हैं. इसकी रीप्लांटेशन की एक जटिल प्रक्रिया है. इस तरह की घटना में उंगली को फिर से जोड़ा मुश्किल होता है. सफदरजंग अस्पताल के प्रोफेसर ऑफ प्लास्टिक सर्जरी डॉ. राकेश कैन के मुताबिक आम तौर पर रीप्लांटेशन 6 से 8 घंटे के भीतर किया जाता है. कटी हुई उंगली को दो आइस पैक में रखा जाना चाहिए. ये है पूरा मामलादरअसल 9 अक्टूबर 2024 को रूपा को अपने 4 साल के बच्चे को पकड़ने की कोशिश में चोट लग गई. उसका हाथ वाशिंग मशीन में फंस गया और उसकी दाहिनी तर्जनी उंगली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. उंगली की त्वचा पूरी तरह से हट गई और रक्त आपूर्ति बंद हो गई. उंगली केवल टेंडन से जुड़ी हुई थी. उंगली का मध्य फालान्क्स में फ्रैक्चर हो गया था.इस तरह के हालात में 28 वर्षीय महिला रूपा को 10 अक्टूबर को 7 बजे इमरजेंसी में सफदरजंग अस्पताल भर्ती कराया गया. रूपा की उंगली बुरी तरह कटी हुई थी, जिसको देखकर उसको प्लास्टिक सर्जरी विभाग में रेफर किया गया. इसलिए रिप्लांटेशन का लिया फैसला प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉ. शालभ कुमार, डॉ. राकेश कैन, डॉ. उपेंद्र शर्मा, डॉ. धरुति, डॉ. नुपुर, डॉ. निकिता, और डॉ. मानसी ने मामले की जांच की. लगभग 12 घंटे बीत जाने के कारण यह संदेह था कि उंगली को फिर से जोड़ना और रक्त संचार बहाल करना संभव होगा या नहीं. सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने अंत में रीप्लांटेशन करने का प्रयास किया. मरीज को तुरंत ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया और सर्जरी शुरू हुई. लगभग 3 घंटे की सर्जिकल प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों ने रक्त वाहिकाओं को जोड़ दिया और उंगली गुलाबी दिखने लगी. हड्डी को स्टील वायर से फिक्स किया गया. अब 3 दिन बाद मरीज वार्ड में है और उंगली का रक्त संचार अच्छी तरह से स्थापित हो गया है. खास बात यह है कि महिला की उंगली बच गई है।वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन में बताया कि 15 घंटे बाद रिप्लांटेशन करना एक बहुत बड़ी सफलता है. रक्त वाहिकाएं पतली होती हैं. मेडिकल साइंस के फिंगर रिप्रेजेंटेशन क्षेत्र में एक मील का पत्थर है.

## दिल्ली के शाहदरा इलाके में लगी भीषण आग, मां-बेटे की जलकर मौत, चार झुलसे



दिल्ली के शाहदरा जिले के भोलानाथ नगर इलाके में शुक्रवार सुबह करीब 5. 50 बजे आग लगने की सूचना मिली. पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची. वहां पहुंचने के बाद दमकल कर्मियों को पता चला कि वहां इमारत की तीसरी मंजिल के फ्लैट में आग लगी हुई है.घटना के समय घर में परिवार के 6 सदस्य मौजूद थे. सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई. आग लगने के कारणों की फिलहाल जांच की जा रही है.शाहदरा जिले के डीसीपी के मुताबिक भोलानाथ नगर में एक घर में आग लगने से दो की मौत हो गई और 4 घायल हुए हैं. सभी घायल और मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं. उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक की मौत दम घुटने से हुई है. घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है.दिल्ली के भोलानाथ नगर स्थित जिस मकान में आग लगी वो मनीष गुप्ता का है. आग लगने से चार लोग झुलस गए. घायलों को जीटीबी अस्पताल में कराया गया. घायलों की पहचान कैलाश गुप्ता (72 वर्ष), भगवती गुप्ता (70 वर्ष), मनीष गुप्ता (45 वर्ष), पार्थ गुप्ता (19 वर्ष) के रुप में हुई है. मृतकों की पहचान शिल्पी गुप्ता (उम्र 42 वर्ष) प्रणव गुप्ता (16 वर्ष) के रूप में हुई है.दिल्ली फायर सेवा के मुताबिक घायल और मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं. पीड़ित परिवार भागीरथ पैलेस में इलेक्ट्रिक उपकरण की दुकान चलाता है. आग लगने के कारणों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## बहन का झगड़ा शांत कराने उसके ससुराल पहुंचे चार भाई, अचानक चली गोली, लड़के की भाभी घायल



दिल्ली में छोटी–छोटी बातों को लेकर आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. ऐसा ही एक मामला दिल्ली के सीलमपुर इलाके के वेलकम कॉलोनी से सामने आया है. इस घटना में एक घर में झगड़े के दौरान अचानक गोली चल गई. फायरिंग की इस घटना में एक महिला जख्मी हो गई. घायल महिला को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है. इस मामले में घायल महिला की पहचान सादमा के रूप में हुई है. दिल्ली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है.दिल्ली पुलिस के अधिकारी के मुताबिक सीलमपुर थाना की पुलिस को जीटीबी अस्पताल से एक महिला को गोली लगी हालात में भर्ती कराए जाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची. जहां पूछताछ में पुलिस को पता चला कि यूपी के गाजियाबाद की रहने वाली सादिया (21) की शादी दिल्ली के वेलकम इलाके में रहने वाले जीशान से हुई थी. शादी के बाद से ही उसके और जीशान के परिवार वालों के बीच विवाद चल रहा था.भाई ने झगड़े के दौरान चलाई गोलीइसको लेकर सादिया ने अपने भाइयों तफ्सीर, शहजाद, गुलरेज और मुंतहिर को वेलकम स्थित अपने घर बुलाया था. वहां उनके और जीशान के परिवार वालों के बीच झगड़ा हुआ. इसी में सादिया के भाई मुंतहिर ने एक राउंड गोली चला दी, जो जावेद की पत्नी सादमा को जा लगी. गोली उसके पेट में लगी, जिससे वह घायल हो गई और उसे इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया. इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को मौके से दबोच लिया. डीसीपी ने बताई ये बात नॉर्थ–ईस्ट दिल्ली के डीसीपी राकेश पावरिया के मुताबिक गुरुवार की रात सीलमपुर पुलिस को जीटीबी अस्पताल से एक घायल महिला के भर्ती होने की सूचना मिली थी. अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार महिला के पेट में गोली लगी. महिला के परिजनों की शिकायत के आधार पर चार लोगों को हिरासत में लिया गया. चारों आरोपी महिला के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं. फिलहाल, मामले की जांच जारी है.

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में दिव्यांग छात्रों का प्रदर्शन, प्रबंधन पर लगाया हक छीनने का आरोप

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों के ने एएमयू प्रशासन पर बड़े आरोप लगाए हैं. दिव्यांग छात्रों का कहना है कि, एएमयू प्रशासन दिव्यांगों के हक छीनने का काम कर रहा है. जब कि एएमयू में दिव्यांगों के कोटे को सु. निश्चित किया गया हैं. फिर भी दिव्यांगों के कोटे में सेंधमारी करते हुए उनका हक छीनने के बाद किसी और को दिया जा रहा है.?अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों का कहना है कि, जिस तरह से एएमयू प्रशासन द्वारा 20 साल से ज्यादा बीत जाने के बाद के बाद भी उनका हक उनको नहीं दिया गया. इसके विरोध में आज हम लोगों ने एएमयू प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है. जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो दिव्यांगों के द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन किया जाएगा जिसका जिम्मेदार एएमयू प्रशासन होगा. दिव्यांग छात्रों ने दिया एक महीने का अल्टीमेटमएएमयू दिव्यांग छात्रों का कहना है कि, एक्ट के अनुसार एएमयू में दिव्यांग छात्र को कोटा दिया जाता है जबकि एएमयू प्रशासन के द्वारा कुछ जगह पर दिव्यांगों की जगह पर अन्य लोगों को नौकरी पर रखा गया है. जबकि उन जगहों पर शुरू से ही दिव्यांगों के लिए उन नौकरियों को आरक्षित माना जाता है. एएमयू प्रशासन के द्वारा दिव्यांगों की मांगो को पूरा नहीं किया जा रहा और अपने रिश्तेदार और अपने मिलने वालों को दिव्यांगों की जगह पर नौकरियां दी जा रही है.छात्रों का आरोप है कि, कई वर्षों से उनका हक छीना जा रहा है दिव्यांगों का कहना है एक महीने का समय उनके द्वारा एएमयू प्रशासन को दिया है एक महीने के अंदर उनकी मांगो को पूरा नहीं किया गया तो उनके द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन किया जाएगा, पूरे मामले को लेकर असिस्टेंट रजिस्ट्रार से जब बातचीत करने की कोशिश की गई तो वह मीडिया के सवालों से बचते नजर आए. वहीं पूरे मामले को लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर दिव्यांगों के द्वारा जबरदस्त नारेबाजी करते हुए एएमयू पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये है. अब देखना होगा दिव्यांगों के द्वारा किये गए प्रदर्शन को लेकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी मांगो को पूरा करेगा या फिर नहीं. फिलहाल अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की वीसी नईमा खातून के नाम दिव्यांगों के द्वारा एक मांग पत्र दिया है जिसमें उनके द्वारा दिव्यांगों का हक उनको देने की मांग की गई है.



**महर्षि वाल्मिक की शोभा यात्रा से निकाली गई।**

महर्षि वाल्मिक शोभा यात्रा निकाली गई जो कि शीसिया पाड़ा से प्रारंभ होकर मामू भांजा मोड से होकर मीरू मल प्याऊ, पत्थर बाजार, बाराद्वारी, सराह हकीम छपरा रोड अप्सरा टॉकीज, रेलवे रोड माल गोदाम कवर कुत्ता पुराना बस अड्डा गांधी पार्क होते हुए दुबे का पड़ाव से होकर अचल पर समापन हुई।जिसमें अपर जिलाधिकारी नगर श्री अमित कुमार भट्ट एवं प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा अलीगढ़महोदय केआदेशानुसार एव उप नियंत्रक श्री मुनेश कुमार गुप्ता महोदय एवं वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक श्रीमती संगीता त्रिपाठी महोदया के निर्देशन में तथाप्रभारी निरीक्षक नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ श्री सी.पी सिंह महोदय की उपस्थिति में सिविल डिफेंस के 50 सैक्टर वार्डेन जवानों की ड्यूटी ट्रैफिक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था कीदृष्टि से लगाई गई है।जिसमें समस्त जवानों ने समयपर ड्यूटी पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के साथ. मिलकर ट्रैफिक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था कोसंभालते हुए महर्षिवाल्मीकि जी की शोभायात्रा को सकुशल संपन्न करने में शासन व प्रशासन का सहयोग किया।





अखिल भारतीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक की राष्ट्रीय बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी जी की अध्यक्षता में यूथ हॉस्टल मसूरी उत्तराखंड में आहूत की गई, बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने तथा जनपद अलीगढ़ के प्रांतीय पदाधिकारी एवं जनपद स्तरीय पदाधिकारियों ने डॉक्टर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद अलीगढ़, डॉक्टर प्रशांत शर्मा को अखिल भारतीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। उक्त मनोयन से जनपद अलीगढ़ के पदाधिकारियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। डॉक्टर प्रशांत शर्मा को दूसरी बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया है और उनको राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह जनपद अलीगढ़ के लिए गौरांवित करने वाली बात है। राष्ट्र स्तर पर संगठन में पद प्राप्त करना यह डॉक्टर प्रशांत शर्मा के जज्बा और उनकी कार्यशैली का ही परिणाम है। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर प्रशांत शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी जी राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष चंद्र चौहान जी एवं उनकी टीम ने जो उन पर विश्वास जताया है, उनके नेतृत्व व दिशा निर्देश में संगठन के लिए 24 घंटे काम करते रहेंगे। उनके द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए जाएंगे उनका अक्षरसह पालन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर जिस भी प्रांत में, जनपद में, ब्लॉक में कोई भी शिक्षक की समस्या होगी उसके निदान के लिए हर समय में उपलब्ध रहूंगा। और अपने होते हुए किसी भी शिक्षक का शोषण किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगा। चाहे उसके लिए मुझे अपनी जान की बाजी ही क्यों न लगानी पड़े। विभिन्न राज्यों में शिक्षकों की समस्याएं अलग–अलग है, विपरीत है, पर मुझे जिस भी राज्य से, जनपद से, ब्लॉक से जो भी समस्या मिलेगी उस के निदान हेतु जो आदेश मिलेगा उसका पालन कर, निराकरण के लिए मुझे किसी भी स्तर तक जाना पड़े किसी भी अधिकारी से भिड़ना पड़े मैं पीछे नहीं हटूंगा। जब मेरे राष्ट्र का हर एक शिक्षक चौन की नींद नहीं सोएगा तब तक डॉक्टर प्रशांत शर्मा सुकून से नहीं बैठेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज अधिकारी शिक्षक को अपना कर्मचारी मानते हैं लेकिन वह भूल जाते हैं कि आज वे जो कुछ भी हैं वो इस गुरु की वजह से ही हैं। गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गो. विंद दियो बताय।


यह वही शिक्षक है जिन्होंने भगवान से मिलाने का कार्य भी किया था, और जो अधिकारी शिक्षा ग्रहण करके बड़े अधिकारी बनते हैं वह भी इन्हीं शिक्षकों से ही शिक्षा लेने के उपरांत ही अधिकारी बनते हैं,

लेकिन वह कैसे भूल जाते हैं और शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार और शोषण करते हैं। मैं किसी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा और शिक्षक को उसका मान और सम्मान दिलवा कर ही रहूंगा। चाहे मुझे कितनी बड़ी कुर्बानी भी क्यों न देनी पड़े। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी, राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष चंद्र चौहान,

प्रांतीय महामंत्री नरेश चंद्र कौशिक, जनपद अलीगढ़ से प्रांतीय आय एवं व्यय लेखा निरीक्षक राकेश कुमार गौतम, जनपद अलीगढ़ के महामंत्री इंद्रजीत सिंह तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी ने प्रतिभाग किया।

## मां लक्ष्मी के वाहन उल्लू नें भरी उड़ान, देश–विदेश में हो रही अलीगढ़ से मूर्तियों की सप्लाई





दिवाली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है, जिसके चलते इन दिनों लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियों की डिमांड बढ़ गई है। अलीगढ़ से महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु समेत देशभर में मूर्तियां भेजी जाती हैं। दुनियाभर की बात करें तो श्रीलंका, मलयेशिया, यूएस, सिंगापुर, कनाडा में यहां की मूर्तियों की मांग है।दिवाली से पहले ही इस बार मां लक्ष्मी के वाहन उल्लू की मूर्तियों की मांग बढ़ गई है। कारोबारियों ने भी मांग के अनुसार मूर्तियां तैयार कराकर सप्लाई शुरू कर दी है। तीन इंच से नौ इंच के उल्लू की मूर्ति की कीमत 100 रुपये से लेकर 3000 रुपये तक है। देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही छह देशों में अलीगढ़ की मूर्तियां भेजी जा रही हैं। इसी तरह दक्षिण भारत से उल्लू पर सवार मां लक्ष्मी की मूर्ति की मांग ज्यादा है। बताया जाता है कि जिले में करीब 200 करोड़ का मूर्ति कारोबार है, जिसमें करीब 50 करोड़ का माल निर्यात किया जाता है।दिवाली पर मां लक्ष्मी और भग. वान गणेश की पूजा की जाती है, जिसके चलते इन दिनों लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियों की डिमांड बढ़ गई है। अलीगढ़ से महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु समेत देशभर में मूर्तियां भेजी जाती हैं। दुनियाभर की बात करें तो श्रीलंका, मलयेशिया, यूएस, सिंगापुर, कनाडा में यहां की मूर्तियों की मांग है।दिवाली पर आस्था के अनुसार श्रद्धालु लक्ष्मी–गणेश की मूर्ति की मांग कर रहे हैं। अलीगढ़ से देशभर के अलावा करीब छह देशों में मूर्तियां भेजी जाती हैं।– कपिल वार्ष्णेय , मूर्ति कारोबारी, जेल रोड

दिवाली पर मूर्ति का कारोबार बढ़ा है। लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियों की सबसे ज्यादा मांग है। इसके अलावा सजावट के आइटम भी लोग खरीद रहे हैं।– सुशील मित्तल, मूर्ति कारोबारी सेंटर प्वा. इंट लड्डू वाले हाथ की तरफ चाहिए गणेश जी की सूंडदिवाली का त्योहार विजय के साथ सुख, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक माना जाता है, इसलिए दिवाली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है। पूजा के लिए भगवान गणेश की मूर्तियों में सूंड की दिशा को लेकर अलग–अलग मान्यता हैं। मूर्ति कारोबारी कपिल वार्ष्णेय कहते हैं कि देश के कुछ क्षेत्रों से लोग आशीर्वाद वाले हाथ की ओर सूंड की मांग करते हैं तो कुछ क्षेत्रों में लड्डू वाले हाथ की ओर सूंड की मांग रहती है। इसलिए दोनों तरह की मूर्तियां तैयार कराई गई हैं।मूर्ति कारोबार से जुड़े हैं 3000 परिवार अलीगढ़ में मूर्ति कारोबार लगातार बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए है कि पिछले कुछ सालों से कुशल कारीगरों द्वारा मूर्तियों की फिनिशिंग पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। इस कारण मूर्तियां ज्यादा आकर्षक हैं। इसके चलते देश और विदेश में अलीगढ़ की मूर्तियों की मांग बढ़ रही है। मूर्ति कारोबार में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। वर्तमान में करीब 3000 परिवार मूर्ति करोबार से जुड़े हैं। इनमें ढलाई, पॉलिश, शृंगार, विक्रेता शामिल हैं। इस समय शहर में 50 बड़े मूर्ति कारोबारी हैं। इन क्षेत्रों में है मूर्ति कारोबार जयगंज सेंटर प्वाइंट पला रोड सासनीगेट आ. ईटीआई रोड जेल रोड नौरंगाबाद

## सोशल मीडिया पर की आपत्तिजनक पोस्ट, मुकदमा दर्ज

थाना बन्नादेवी में एक मोबाइल दुक. ानदार ने जाट समाज को लेकर आपत्ति. जनक पोस्ट करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना बन्नादेवी क्षेत्र के मित्रनगर निवासी सुमित अग्रवाल ने बताया कि 25 सितंबर को अजय चौधरी निवासी राजरानी भवन, मित्र नगर ने सोशल मीडिया पर लगभग 35 लोगों को टैग कर एक विवादित पोस्ट उन्हें व उनके भाई अमित अग्रवाल को डाली। जिसमें कहा कि मोबाइल शॉप के मालिक दोनों भाइयों ने जाट समाज को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट की है। पोस्ट के जरिए समाज के सजातीय लोगों को भड़काने का भी प्रयास किया गया है। आरोप लगाया कि अजय चौधरी ने अलग–अलग मोबाइल नंबरों से 24 सितंबर को फोन किया और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी बन्नादेवी पंकज मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



## विवाहिता ने कमरे में फंदे पर झूल कर दी जान, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप



अलीगढ़ पति अपने माता–पिता के साथ गांव से बाहर खेत पर काम करने गया था। इसी बीच महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब सुबह 10 बजे मृतका की ननद का बेटा घर पर आया और अपनी मामी को आवाज दी। आवाज पर गेट न खुला तो किशोर ने खिड़की से झांक कर देखा तो महिला का शव लटका हुआ था।विवाहिता ने कमरे में फंदा बनाया और उस पर लटक कर जान दे दी। मायके वालों ने ससुराली. जनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दादों के गांव नगरिया जाहर निवासी 21 वर्षीय रिंकी पत्नी शैलू कुमार ने 18 अक्टूबर की सुबह कमरे में फंदे पर लटक कर खुदखुशी कर ली। आज तड़के सुबह पति अपने माता–पिता के साथ गांव से बाहर खेत पर काम करने गया था। इसी बीच महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब सुबह 10 बजे मृतका की ननद का बेटा घर पर आया और अपनी मामी को आवाज दी। आवाज पर गेट न खुला तो किशोर ने खिड़की से झांक कर देखा तो महिला का शव लटका हुआ था। किशोर ने जिसकी सूचना खेत में काम कर रहे परिवार के लोगों को दी। परिवार वालों ने फंदे से शव को नीचे उतार कर मायके पक्ष को सूचना दी। विवाहिता की दो साल पहले शादी हुई थी। जिला एटा थाना बागवाला के गांव दुहाई अचलपुर निवासी मृतका के पिता नारायण सिंह ने पुलिस को सूचना दी और बताया कि उसकी बेटी की ससुरालीजनों ने हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मलिक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने धान के पैसे और डीएपी को लेकर गल्ला मंडी पर धरना प्रदर्शन किया

जनपद हाथरस के आगरा अलीगढ़ रोड स्थित गल्ला मंडी पर भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डीएपी की किल्लत और धान के पैसों को लेकर जनपद हाथरस के आगरा अलीगढ़ रोड स्थित गला मंडी पर धरना प्रदर्शन किया जहां प्रशासन को सूचना मिलते ही मंडी सचिव और प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंच गये और भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों से वार्तालाप करने लगे वही भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने बताया कि जितने पैसों की लागत से धान पैदा किया जाता है उससे भी कम पैसों में व्यापारी मंडी में धान को खरीद रहे हैं जिसको लेकर यहां धरना प्रदर्शन किया गया है उन्होंने बताया कि मंडी सचिव अपनी मनमानी कर रहे हैं जिससे किसानों को धान के रेट सही नहीं मिल पा रहे हैं इससे पहले भी यहां धान के रेटो को लेकर यहां धरना प्रदर्शन किया गया था तब मंडी सचिव ने कारवाई



करनें का आश्वासन दिया था लेकिन मंडी सचिव द्वारा आजतक कोई भी कार. 'वाई नहीं की गई जिसको लेकर आज यहां पर धरना प्रदर्शन किया गया है भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने बताया कि यहां पर डीएपी भी किसानों को सही मात्रा एवं समय पर नहीं मिल पा रही है मंडी सचिव और प्रशासन से भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा वार्तालाप करने पर कोई हल नहीं निकला तो भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गल्ला मंडी के गेट पर जाकर गेट को बंद करके जाम लगाने की कोशिश की जिसको लेकर प्रशासन एवं भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की नोक झोंक हों गई इसके बाबजूद भी प्रशासन ने गेट को बंद नहीं होने दिया तो भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर ही धरना प्रदर्शन करने लगे

## अतरौली सहकारी समिति पर डीएपी न मिलने पर किसानों ने .किया हंगामा, तड़के सुबह चार बजे से लगी लाइन



अतरौली में क्षेत्रीय सहकारी समिति उत्तरी और दक्षिणी पर तड़के सुबह चार बजे से ही महिला और किसान लाइन लगाकर बैठ गए। अपराह्न 1 बजे तक भी डीएपी का वितरण शुरू नहीं हो सका। भूखे–प्यासे किसान और महिलाएं बेहद परेशान दिखे।महज एक एक बोरी डीएपी पाने के लिए अतरौली में महिलाओं को घर का कामकाज छोड़कर तड़के सुबह से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। एक बोरी डीएपी पाना उनके लिए किसी जंग को जीतने से कम साबित नहीं हो रहा। 18 अक्टूबर को डीएपी आने की सूचना पर अतरौली में क्षेत्रीय सहकारी समिति उत्तरी और दक्षिणी पर तड़के सुबह चार बजे से ही महिला और किसान लाइन लगाकर बैठ गए। अपराह्न 1 बजे तक भी डीएपी का वितरण शुरू नहीं हो सका। भूखे–प्यासे किसान और महिलाएं बेहद परेशान दिखे। महिलाओं को घरों पर बच्चों के खाने की चिंता थी, लेकिन बार–बार कहने के बाद भी डीएपी का वितरण शुरू नहीं किया गया। डीएपी वितरण शुरू न होने से किसानों ने सहकारी समितियों पर जमकर हंगामा किया और खुलेआम डीएपी कीजमाखोरी करने के आरोप लगाए। सचिव हाकिम सिंह और हरिराज ने बताया कि ऊपर से ऑनलाइन लोड शो नहीं करने सेवितरण नहीं हो पा रहा है। लोड आते हीवितरण शुरू होगा। दोपहर एक बजे के बाद वितरण शुरू हो सका, तब कहीं जाकर किसान और महिलाओं को राहत मिली।

## गड्ढे से अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर–ट्रॉली, नीचे दबकर चालक की मौत, परिवार में छाया मातम

चालक अजमल खां ट्रैक्टर–ट्रॉली में ईटों को लेकर पथवारी मंदिर के पास पहुंचा ही था कि सड़क में गड्ढा होने से ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। ट्रैक्टर–ट्रॉली के नीचे दबकर चालक की मौत हो गई।अलीगढ़ में लोधा थाना क्षेत्र के अलीगढ़–पलवल–खैर राजमार्ग पर 17 अक्टूबर देर रात पथवारी मंदिर के पास सड़क में गड्ढे से अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर–ट्रॉली पलट गई। जिसके नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने लोधा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर लोधा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजन को दिया। युवक के मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार लोधा के गांव रायट निवासी 22 वर्षीय अजमल खां पुत्र उम्मेदअली के परिजनों ने बताया कि अपने ट्रैक्टर–ट्रॉली से राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय में 21 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में आने वाले उपराष्ट्रपति और राज्यपाल के हेलीपैड बनाने के लिए इण्टरलौकिंग ईटें लेकर जा रहा था। जैसे ही चालक अजमल खां ट्रैक्टर–ट्रॉली में ईटों को लेकर पथवारी मंदिर के पास पहुंचा ही था कि सड़क में गड्ढा होने से ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। ट्रैक्टर–ट्रॉली के नीचे दबकर चालक की मौत हो गई।हादसे की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण और लोधा पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी की। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोधा पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। युवक के मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गयाय। एसओ लोधा रा. जवीर सिंह परमार ने बताया कि थाने में कोई तहरीर नहीं मिली है। ट्रैक्टर–ट्रॉली को थाना परिसर में खड़ा कर दिया है।

## किशोरी से दुष्कर्म में युवक को दस साल कारावास





थाना छर्रा क्षेत्र में छह साल पहले किशोरी से हुई दुष्कर्म की घटना में अदालत ने युवक को दोषी करार देते हुए 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे पॉक्सो प्रथम राजीव शुक्ल की अदालत ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसमें से 25 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक ललित सिंह पुंडीर ने बताया कि 15 एक गांव की किशोरी के पिता ने तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि शाम साढ़े सात बजे उनकी 15 साल की बेटी अपनी छोटी बहन के साथ जंगल में शौच करने गई थी। रास्ते में कासगंज के गांव मामो का कैलाश बहला–फुसलाकर ले गया, जो अपने बहनोई के घर रहता था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को तलाश लिया। किशोरी के बयानों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई थी।

## राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक खैर बाईपास रोड पर जिला कार्यालय हुईसंपन्न




आज 18 अक्टूबर को राष्ट्रिय लोक दाल की मासिक बैठक खैर बायपास रोड पर जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष चौधरी हम्वीर सिंह द्वारा बैठक का आयोजन आज प्रथम बार कराया गया जिसकी अध्यक्षता वेदवीर सिंह अध्यक सैनिक प्रकोष्ट और संचालन महानगर अध्यक्ष अब्दुल्ला शेरवानी ने किया बैठक में सभी ने अपने विचार रखें जिससे कि संगठन को कैसे मजबूती किया जाए और खैर विधानसभा पर उपचुनाव को लेकर जिला अध्यक्ष चौधरी हम्वीर सिंह ने सभी छोटे–बड़े कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी हम्वीर सिंह ने कहा कि आप जो सुझाव देंगे व राष्ट्रीय अध्यक्ष मा जयंत चौधरी जी के समक्ष रखे जाएंगे चौधरी हम्वीर सिंह ने सभी लोगों से कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है आप सभी के सुझाव और जो पदाधिकारी पार्टी में काम करना चाहते हैं उनके नाम दें जिस से की पार्टी को अलीगढ़ पर मजबूत किया जा सके प्रदेश महासचिव चौधरी राम बहादुर सिंह ने कहा की जबसे नये जिला अध्यक्ष चौधरी हम्वीर सिंह बने हैं अलीगढ़ में राष्ट्रीय लोकदल की गतिविधियां तेजी से बड़ी हैं और कार्यकर्ता राष्ट्रिय लोक दल से जुड़ रहे हैं और अलीगढ़ में राष्ट्रीय लोकदल मजबूत हो रहा है पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सूर्यवंशी ने कहा की हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए और सभी समाज को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ना चाहिए जिससे कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की नीतियों और रीतियों को आगे बढ़ाया जा सके महानगर अध्यक्ष अब्दुल्ला शेरवानी ने सभी के समक्ष महानगर की कमेटी को भंग रखने का प्रस्ताव रखा और सभी ने प्रस्ताव का स्वागत किया और राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष ने महानगर कार्यकारिणी को भंग किया और कहा कि जल्द ही महानगर की कमेटी में सक्रिय लोगों को जोड़ा जाएगा और निष्क्रिय लोगो को पद मुक्त किया जायगा स इस अवसर पर नवनियुक्त महिला प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती दीपमाला चौधरी और जिला अध्यक्ष श्रीमती राधिका भारद्वाज का जिला अध्यक्ष चौधरी हम्वीर सिंह और महानगर अध्यक्ष अब्दुल्ला शेरवानी के नेतृत्व में स्वागत किया गया प्रदेश उपाध्यक्ष दीपमाला चौधरी ने कहा कि मुझे जो सम्मान माननीय जयंत चौधरी जी ने दिया है इसका पूर्ण तरह से निर्वहन करूंगी और पूरे उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का कार्य करूंगी स महिला जिला अध्यक्ष राधिका भारद्वाज ने कहा कि मैं अलीगढ़ पर जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार करके अलीगढ़ को अधिक से अधिक मि. हलाओं से जोडूंगी स इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चौधरी हम्वीर सिंह, प्रदेश महासचिव चौधरी राम बहादुर सिंह, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सूर्वंशी, महानगर अध्यक्ष अब्दुल्ला शेरवानी, नवाब सिंह छोकर ,गोपाल चौधरी चौधरी हम्बीर सिंह , चौधरी शिवकुमार , चौधरी भानु प्रताप सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, मनोज दिवाकर, ऋषि चौधरी कुलदीप डांगूर, पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी कालीचरण सिंह , सुलेखा चौधरी,वीरपाल सिंह दिवाकर , रणधीर प्रधान,अमित ठेनुआ, के. पी. सिंह,तेजेंद्र सिंह,संजीव सूरवंशी, , डॉ इरफान ,चौधरी सुरिंदर सिंह उपाध्यक्ष व्रत क्षेत्र आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## बालिका से दुष्कर्म .में युवक को 20 .साल की सजा



थाना लोधा क्षेत्र की सात साल की बा. लिका से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने युवक को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। एडीजे पॉक्सो सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्मान की रकम में से 40 हजार रुपये पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने के लिए कहा गया है। विशेष लोक अभियोजक महेश सिंह ने बताया कि 20 अक्तूबर 2019 को थाना लोधा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके छोटे भाई की बेटी अपनी बड़ी बहन को खाना देने के लिए खेत पर जा रही थी। रास्ते में सोनू नामक युवक उसे साइकिल पर बैठाकर ले गया। लौटने के दौरान उसे खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। बच्ची रोते हुए आई और घर पर मां को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने सोनू के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करते हुए चार्जशीट दाखिल की। सत्र परीक्षण, साक्ष्य व गवाही के आधार पर सोनू को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई है।

## माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से – 52 वीं बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी उदय सिंह जैन कन्या इंटर कॉलेज में समापन ।

इस प्रदर्शनी में कुल 60 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ है। सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर प्रस्तुत किए गए विद्यार्थियों के मॉडल की खूब तारीफ हुई। विजेता बाल वैज्ञानिकों को पुरस्कृत किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक अलीगढ़ मंडल,अलीगढ़ मनोज गिरि जी, विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलीगढ़ राकेश कुमार जी, विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रियंका जैन एवं कार्यक्रम संयोजक हर्षी गुप्ता ,राजीव कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक शिक्षा निदेशक अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कासही उपयोग एवं नवाचार की आवश्यकता है, जो विद्यार्थी आज पीछे हैं वह मेहनत करके विजयी छात्रों से दौड़कर आगे निकल सकते हैं।विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि सभी छात्राएं किताबों से दोस्ती करें वही आपका मुकद्दर बना सकती हैं, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का महत्व बताते हुए प्रतिभागी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीएसआरजी हर्षी गुप्ता ने कार्यक्रम का परिचय एवं जनपदीय विज्ञान प्रदर्शनी के परिणाम की घोषणा की।विज्ञान क्लब के डीसी राजीव अग्रवाल ने सभी बाल वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया। निर्णायक मण्डल की भूमिका का निर्वहन डॉ० ए०के०एस० चौहान, डॉ ओमवीर सिंह, डॉ० एमएमए गोयल, डॉ राजेश अग्रवाल , डॉ०ज्योत्सना कुमार ,सुश्री मो. निका शर्मा, रितेश यादव ,विमल कुमार श्रीवास्तव डायट प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अलीगढ़ ने 60 विद्यालयों से लगभग 145 छात्र–छात्राओं के मॉडलों का परीक्षण कर परिणाम प्रदान किये।जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग के उपविषय पर आधारित स्थिर एवं क्रियाशील मॉडलों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निमिषा जैन,कल्पना जैन,मधुबाला सिंह,पूजा जैन , मीनू सारस्वत , लक्ष्मी जैन एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ऋचा जैन ने किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रियंका जैन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –
**अमित कुमार वर्मा**
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ, से प्रकाशित
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।